# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–20 मार्च 2024** **7:20 AM**

- लोकसभा के पहले चरण के चुनाव के लिये आज जारी होगी अधिसूचना। पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर सत्ताइस मार्च तक कर सकेंगे नामांकन।
- आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिये प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जारी की मीडिया गाइड लाइन। रिपोर्टिंग के दौरान सम्बन्धित प्रोटोकॉल का अनुपालन करने की अपील।
- प्रदेशभर में मतदाता जागरूकता के लिये रैली, संगोष्ठी सहित विविध कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन। ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की हो रही अपील।
- वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आज धूमधाम से मनायी जायेगी रंगभरी एकादशी। लाइव स्ट्रिमिंग के माध्यम से भी श्रद्धालु कार्यक्रम में हो सकेंगे शामिल।

**********

लोकसभा के पहले चरण के लिए अधिसूचना आज जारी होगी। इसी के साथ ही पहले चरण के चुनाव के लिए प्रदेश के सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, कैराना, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी। इस चरण की सीटों के लिए प्रत्याशी सताईस मार्च तक नामाकंन कर सकेगें। तीस मार्च तक उन्हें नाम वापसी का अवसर दिया जाएगा। पहले चरण का मतदान उन्नीस अप्रैल को होगा। मतगणना चार जून को होगी।

प्रशासन अधिसूचना जारी करने और नामांकन प्रक्रिया शुरू किये जाने को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दे रहा है। हमारे बिजनौर प्रतिनिधि के अनुसार जिले की बिजनौर और नगीना सुरक्षित सीट के लिए अलग.अलग नामांकन कक्ष स्थापित कर दिये गये है। नामाकंन को पारदर्शी बनने के लिए व्यवस्था पूरी कर ली गयी है। हमारे पीलीभीत प्रतिनिधि ने बताया कि जिले में शान्ति और सुरक्षा के साथ नामाकंन संपन्न कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। वहां के पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने बताया कि पुलिस के एक सौ पच्चीस अधिकारी और कर्मचारी पूरी सुरक्षा के साथ नामांकन को संपन्न कराएगें।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल लखनऊ में पत्रकारों के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया। उन्होंने कार्यशाला में आदर्श आचार संहिता के दौरान पत्रकारों द्वारा की जाने वाली रिपोर्टिंग से संबंधित प्रोटोकाल का अनुपालन करने की अपील की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपेक्षा की, कि प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार पर विशेष सतर्कता बरती जाये। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर भ्रामक खबरे पर कड़ी नजर रखी जायेगी। इस दौरान उन्होंने इस संबंध में एक गाइड लाइन भी जारी की। कार्यशाला के पश्चात पत्रकारों द्वारा पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया को लेकर पूछे गये सवाल पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग इसके लिये पूरी तरह से तैयार है। उधर, प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने स्टार प्रचारकों की रैली और बैठकों पर आने वाले खर्च को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा है कि स्टार प्रचारक जिन प्रत्याशियों के साथ मंच सांझा करेगें उसका खर्च उस प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया है कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को परिणाम की घोषणा के नब्बे दिन के अन्दर अपने दल का चुनाव खर्च निर्धारित प्रारूप पर भर कर भारत निर्वाचन आयोग के पास जमा करना होगा। गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी।

**********

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दीपक कुमार को प्रदेश का नया अपर मुख्य सचिव गृह बनाया गया है। चुनाव आयोग ने उनके नाम की सहमति दे दी है। इससे पहले चुनाव आयोग ने पूर्व में छह राज्यों के गृह सचिवों को हटा दिया था। इसके बाद प्रदेश में पूर्व प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाते हुए यह पदभार मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र के पास चला गया था।

**********

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कल कहा कि उनकी पार्टी विजन डॉक्यूमेंट लाने जा रही है, जिसमें किसानों और नौजवानों के लिये पार्टी की योजनाओं और नीतियों का विवरण होगा। लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि अब जनता ही लोकतंत्र को बचाएगी। वोटर लिस्ट को लेकर कई शिकायतें हमने चुनाव आयोग से की है। हमे आयोग पर भरोसा है।

**********

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में रैली, संगोष्ठी सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जनमानस को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

पीलीभीत जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अधिकारियों की टीम गांव–गांव जा कर चौपाल लगा रही हैं वहां के जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया है कि स्कूली बच्चों के माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान के लिए अभिभावकों से संकल्प पत्र भरवाए गये हैं।

उधर, वाराणसी के केन्द्रीय कारागार में मतदाता जागरूकता को लेकर अनूठी पहल की गयी है वहां कैदियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उनके हाथ पर मुलाकात मुहर के साथ.साथ मतदाता जागरूकता की भी मुहर लगायी जा रही है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट

*लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो चुका है ऐसे में ज्यादा से ज्यादा मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जनता के बीच में चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में जनपद वाराणसी के केंद्रीय कारागार में एक अनोखी पहल करते हुए जेल में कैदियों से आने वाले मुलाकातियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उनके हाथ में मुलाकात मोहर के साथ–साथ साथ मतदाता जागरूकता की मोहर भी लगाई जा रही है। जिससे कि वह जब मुलाकात करके अपने समाज में जाएंगे तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित कर सकेंगे केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक राधा कृष्ण मिश्रा ने बताया कि क्योंकि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है ऐसे में अपनी जिम्मेदारियां को निभाते हुए केंद्रीय कारागार ने भी अपने हर मुलाकातियो के लिए एक अलग मोहर बनाकर उनके हाथों में लगा रहा है जिससे कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों में इसका प्रचार प्रसार कर सके और हमारा मतदान प्रतिशत सत प्रतिशत हो सके। पूरे चुनाव भर मोहर लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा इसके अलावा अन्य तैयारियां भी समय–समय पर की जायेंगी। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

**********

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में रंग भरी एकादशी आज मनायी जायेगी। रंगभरी एकादशी के दिन ही काशी में सर्वप्रथम बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती को गुलाल लगाकर होली की शुरुआत हो जाती है।

*काशी पुराधिपति महादेव जब माता गौरा का गौना करा कर श्री काशी विश्वनाथ धाम के आंगन में लाएंगे तो यहां होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पूरा विश्व देख सकेगा। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने सोशल मीडिया पर इसके लाइव स्ट्रीमिंग का प्रबंध किया है। रंग भरी एकादशी पर गौरा के गौने का कार्यक्रम सनातम धर्म की परंपरा के अनुसार किया जाता है।आज बुधवार को फाल्गुन शुक्ल एकादशी पर काशी में रंगभरी एकादशी मनाई जाएगी। आज काशी वासी बाबा को गुलाल अर्पित करके होली खेलने की अनुमति मागेंगे,तब काशी में होली की शुरुआत होगी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्र के अनुसार रंगभरी एकादशी पर माता गौरा को बाबा गौना कराके अपने आंगन में लाएंगे। इस मौके पर बाबा के धाम में मंदिर चौक पर गीत–संगीत की अविरल धारा देर रात तक बहेगी।*

उधर, मथुरा के नन्दगांव में भक्तों ने कल लट्ठमार होली का आनंद लिया। अबकी बार होली कन्हैया के गांव में खेली गई और हुरियारे बने थे श्रीजी के गांव के गोप। बरसाना में खेली गई होली के परिणामस्वरूप बरसाना के सखा स्वरूप ग्वाल होली का फगुवा मांगने आए। जिसके बाद नंदगांव में हुरियारों ने जमकर धमाल मचाया। शाम होते ही हुरियारे ढालों को लेकर नंदगांव की गलियों में मार खाने के लिए निकल पड़े। हुरियारिनों ने प्रेम पगी लाठियों से उनका स्वागत किया।

**********

बदायूं जिले के मंडी समिति चौकी के समीप स्थित बाबा कॉलोनी में कल दो बच्चों की निर्मम हत्या कर दी गयी, जिसके बाद हत्या के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान देर रात आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया।

**********